卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त ● हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 329 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦10 सितम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in



GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur


## भूस्खलन में पांच की मौत

### तीन लोग घायल, आठ पैदल यात्रियों का दल आया मलवे की चपेट में

रूद्रप्रयाग (उद ब्यूरो)।श्री केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर भारी बारिश के चलते सोन प्रयाग के समीप हुए भूस्खलन में 5 लोगों की मलबे में दबने से मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हैं जिनका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक सोमवार देर शाम केदारनाथ से लौट रहे आठ यात्री सोनप्रयाग में ऊर्जा निगम के पावर हाउस के समीप भूस्खलन जोन में पहाड़ी से गिर रहे पत्थर व मलबे में फंस गए। सूचना पर उप निरीक्षक आशीष डिमरी के नेतृत्व में एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू किया। देर रात रेस्क्यू के दौरान एक शव बरामद किया गया, जिसकी शिनाख्त गोपाल पुत्र भक्तराम, मध्य प्रदेश के रूप में हुई है। जबकि तीन घायलों जीवन तिवारी पुत्र रामचरित, मनप्रीत सिंह पुत्र कश्मीर सिंह और छगन लाल पुत्र भक्तरामन को घायल अवस्था में सोनप्रयाग अस्प्ताल भर्ती कराया गया। अंधेरा होने के कारण देर रात तक रेस्क्यू में खासी दिक्कतों का सामना (शेष पृष्ठ सात पर)



## खालिस्तानी होने के संदेह में पुलिस ने युवक को उठाया

### युवक से पूछताछ में जुटी पुलिस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मंगलवार को काशीपुर मार्ग पर गश्त कर रहे पुलिस कर्मियों ने सड़क किनारे ठंडी शरदई बेच रहे युवक को खालिस्तानी होने के संदेह में पूछताछ के लिये अपनी हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिये गये युवक की मोटरसाईकिल के पीछे 'पक्का खालिस्तानी' लिखा हुआ था। जिस कारण पुलिस को उस पर संदेह हुआ। समाचार लिखे जाने तक पुलिस युवक से पूछताछ कर रही थी। जानकारी के अनुसार काशीपुर मार्ग पर मंगलवार प्रात: पुलिस कर्मी गश्त कर रहे थे। उसी दौरान ग्रीन पार्क कालोनी के पास स्थित नाग माता मन्दिर के पास फड़ पर ठण्डी शरदई बेचते संदिग्ध दो लोग दिखाई दिये। इनके बाईक के पीछे पक्का खालिस्तानी लिखा हुआ था। संदेह होने पर पुलिस ने एक युवक को हिरासत मे लेकर पूछताछ की तो वह स्पष्ट जवाब नही दे पाया जिस पर पुलिस बाईक सहित उसे कोतवाली ले आई और उससे पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि उक्त लोग पिछले काफी दिनों से वहां ठण्डी शरदई बेचने का काम कर रहे है।

## महिला के गले से बाईक सवार बदमाशों ने लूटी चेन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर में बाइक सवार उचक्कों का आतंक थम नहीं रहा है। कोतवाली क्षेत्र चौकी आदर्श कालोनी निवासी एक महिला के गले से बाईक सवार बदमाशों ने चेन लूट ली और फरार हो गए। पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। बताया जा रहा है कि आदर्श कालोनी निवासी नफीसा पत्नी मकबूल अहमद सोमवार रात को खाना खाने के लिए टहलने के लिए निकली थी। बताया जा रहा है कि इसी बीच रास्ते में पीछे से आ रहे बाईक सवार दो बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन झपट ली और मौके से फरार हो गये। महिला ने शोर मचाया तो मौके पर लोग एकत्र हुए। लोगों ने बाईक सवार का पीछा किया, लेकिन वह नहीं हाथ नहीं लगे। बाद में नफीसा घर गई और अपने पति को मामले से अवगत कराया। इस पर मकबूल अहमद ने पुलिस को 112 में घटना की जानकारी दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़िता ने मामले की जानकारी ली। साथ ही घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी चेक किए। कोतवाल मनोहर सिंह दशौनी ने बताया कि पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है। फिलहाल बाईक सवार बदमाश पुलिस के हाथ नहीं लगे हैं। कोतवाल ने कहा कि बदमाशों को शीघ्र गिरफ्तार किया जायेगा।

## रोडवेज के सामने पार्किंग बनाने से भड़के व्यापारी

### कल खटीमा में मुख्यमंत्री आवास पर करेंगे विरोध प्रदर्शन



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस एवं सीपीयू द्वारा रोडवेज के सामने उजाड़ी गई राम मनोहर लोहिया मार्केट के स्थान पर पार्किंग स्थल बनाये जाने का दर्जनों व्यापारियों ने व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में भारी विरोध प्रदर्शन कर रोष जताया। संजय ने कहा कि करीब डेड़ वर्ष पूर्व प्रशासन द्वारा जी20 सम्मेलन के नाम पर वर्षो पुरानी राम मनोहर लोहिया मार्केट एवं समोसा मार्केट के सैकड़ों व्यापारियों को प्रशासन द्वारा उजाड़ दिया गया था। लेकिन तब से आज तक यहां न तो सड़क का चौड़ीकरण किया गया और न ही मुख्यमंत्री सहित सभी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किये गये वायदे के अनुरूप उजाड़े गये व्यापारियों को अन्य स्थान पर दुकाने उपलब्ध कराई गई। उन्होंने कहा कि जब शासन-प्रशासन द्वारा इन स्थानों पर कोई कार्य ही नही कराना था तो सैकड़ों व्यापारियों को उजाड़े जाने का क्या औचित्य था। मौके पर मौजूद यातायात एवं सीपीयू पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बाजार क्षेत्र में वाहनों के खड़े होने से यातायात प्रभावित हो रहा है और वही त्यौहारी सीजन के कारण यहां अस्थाई रूप से पार्किंग की व्यवस्था की गई ताकि मुख्य बाजार में यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो। व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय ने कहा कि कल दोपहर (शेष पृष्ठ सात पर)


आवश्यकता है
इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में एकाउंट्स का कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। टेली की जानकारी आवश्यक।
-संपर्क करें-
8433432291


## स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने गोला बाईपास रोड पर स्मैक की बड़ी खेप बरामद की और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मंगलवार की सुबह करीब 5:33 बजे के आसपास एसआई अनिल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने की। पुलिस ने गश्त के दौरान गोलापुल से गोला वाईपास रोड पर स्थित एक टीन शेड के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा। व्यक्ति ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान जसमीत (शेष पृष्ठ सात पर)

## रोडवेज बस में हुड़दंग मचा रहे चार हिरासत में

### डायल 112 पर सूचना मिलने के बाद पुलिस ने लिया एक्शन



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। थाना पुलभट्टा क्षेत्र की चौकी बरा पुलिस ने डायल 112 की सूचना पर रोडवेज बस में सवार हुड़दंग मचा रहे चार शरारती तत्वों को हिरासत में लिया और उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया। पुलिस के मुताबिक सोमवार की रात पुलिस को डायल 112 से सूचना मिली कि टनकपुर से दिल्ली को ओर जा रही रोडवेज बस संख्या यूके 07 पीए-4232 में सवार चार लड़के हुड़दंग मचा रहे हैं। सूचना पर चौकी प्रभारी बरा पंकज कुमार ने बस को चौकी बरा पर रोक लिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि बस में बैठे 4 लड़के हुड़दंग मचा रहे थे और झुमते हुए हो हल्ला कर रहे थे। जोर जोर से गाने गाकर अन्य सवारियों को परेशान कर रहे थे। पुलिस ने चारों को हिरासत में ले लिया। पुलिस पूछताछ में चारों ने अपने नाम पता रोहित भूरा पुत्र चतुर सिह (शेष पृष्ठ सात पर)

## बहला फुसलाकर किशोरी को किया अगवा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र में युवक द्वारा एक किशोरी को बहला फुसलाकर अगवा कर लेने का मामला सामने आया है। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में परिजन ने कहा है कि वह किराये के मकान में परिवार सहित रहता है। उसकी नाबालिग पुत्री किसी अभय घरामी नामक लड़के से फोन पर बात करती थी। 29 अगस्त को प्रात: करीब 11बजे पुत्री अपनी मां से किसी सहेली के जन्मदिन होने की बात कहकर रोड़वेज के पास जाने की बात बोलकर गयी और जिसके बाद से घर वापस नहीं आयी। नाबालिग पुत्री को काफी जगह व अपनी रिश्तेदारी में तलाश किया किन्तु वह कहीं नहीं मिली। परिजनों का कहना है कि उन्हें शक है कि उनकी नाबालिग पुत्री को अभय घरामी नामक व्यक्ति बहला फसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पत्नी से मारपीट करने पर पुलिस कर्मी निलंबित

### शिकायत मिलने पर एसएसपी ने लिया एक्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पत्नी से मारपीट करने के आरोप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने दिनेशपुर थाने में तैनात एक सिपाही को निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार दिनेशपुर थाने में तैनात कांस्टेबल गोविंद आर्य पर पत्नी ने मारपीट करने का आरोप लगाया था। शिकायत एसएसपी मणिकांत मिश्रा को मिलने पर उन्होंने तत्काल प्रभाव से सिपाही गोविंद आर्य को निलंबित कर दिया। साथ ही मामले में विभागीय जांच के भी आदेश दिये। एसएसपी ने एसएसपी ने अधिकारियों / कर्मचारियों को चेतावनी दी है कि यदि पद पर रहते हुए किसी अधिकारी / कर्मचारी के खिलाफ किसी पीड़ित, फरियादी, वादी और महिला के साथ किसी प्रकार की शिकायत मिलती है तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## ग्राहक बन शातिर ने दुकानदारों को लगाया हजारों का चूना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक शातिर युवक ने ग्राहक बनकर चार दुकानदारों से सामान खरीद लिया और ऑन लाइन भुगतान कर दिया। लेकिन दुकानदारों के खाते में वह रकम नहीं आई। दुकानदारों ने अब पुलिस के समक्ष गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार नगर के महेन्द्र किराना स्टोर के स्वामी मनदीप सिंह नागपाल, अरोरा कन्फेक्शनरी के स्वामी अनिल अरोरा, राजू किराना स्टोर स्वामी राजीव कुमार बठला, दी केक एण्ड बेक्स के स्वामी प्रवीन कुमार अनेजा ने बताया कि 6 सितंबर को उनकी फर्म पर (शेष पृष्ठ सात पर)




बम्पर धमाका सेल बम्पर धमाका सेल
हर कम्पनी का माल कम्पनी से कम रेटों पर
1 से 15 सितम्बर 2024 तक
30 % से 50 % तक की भारी छूट
हॉकिन्स, युनाईटिड, प्रेस्टीज एवं पीएनबी के कूकर पर 45% तक विशेष छूट
बोरोसिल,मिल्टन सहित कई कम्पनियों की बोटल्स, कप-प्लेट सहित क्राकरी के सामान पर भारी छूट
हर प्रकार की खरीदारी पर भारी छूट पायें,जल्दी आये और लाभ उठायें
आपके शहर की सबसे पुरानी दुकान 1975 से आपकी सेवा में अब नये पते पर तीन मंजिल शो रूम में पहुंच गई है।
गोल्डन एजेन्सीज
178,सिद्धू पैलेस वाली गली,आवास विकास,रुद्रपुर

# बड़े शहरों में पार्किंग और चौराहों पर ऑटोमेटेड रेड लाइट सिग्नल्स को बढ़ाया जाए : शैलेश बगोली

## गृह सचिव ने यातायात समस्या के निराकरण के लिए शीघ्र कार्ययोजना बनाने के दिये निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। सचिव गृह शैलेश बगोली ने प्रदेश एवं विशेषकर देहरादून और अन्य बड़े शहरों में यातायात को लेकर पुलिस एवं परिवहन विभाग सहित अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ बैठक की। इस दौरान सचिव गृह ने अधिकारियों को यातायात समस्या के निराकरण के लिए शीघ्र ही अल्पावधि एवं दीर्घावधि योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए। सचिव श्री शैलेश बगोली ने सभी संबंधित विभागों द्वारा आपसी सामंजस्य से व्यापक कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने यातायात निदेशालय देहरादून सहित सभी जनपदों में यातायात व्यवस्था के सुधार के लिए कार्य करने के भी निर्देश दिए। सचिव गृह ने कहा कि यातायात व्यवस्था में सुधार की दिशा में कार्य कर रहे अन्य संस्थानों और एजेंसियों के कार्यों का भी अध्ययन कर अपनी योजनाओं में शामिल किया जाए। उन्होंने अधिक यातायात संकुलन वाले स्थानों पर नयी पार्किंग चिन्हित करने के साथ ही नए सड़क मार्गों के निर्माण और पक्कीकरण पर फोकस किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वाणिज्यिक संस्थानों, मॉल, रेस्टोरेंट आदि द्वारा अपनी पार्किंग को प्रयोग में (लाल बत्ती उल्लंघन पहचान प्रणाली) को सुचारू किए जाने के भी निर्देश दिए। सचिव गृह ने कहा कि चौराहों पर ऑटोमेटेड रेड लाइट सिग्नल्स को बढ़ाया जाए। साथ ही करते हुए यातायात समस्याओं का निस्तारण किया जाए। इस अवसर पर विशेष सचिव गृह श्रीमती रिद्धिम अग्रवाल, आईजी एवं निदेशक यातायात श्री अरूण मोहन जोशी, अपर सचिव




लाने हेतु एन्फोर्समेंट बढ़ाया जाए। सचिव गृह ने शहर में रेहड़ी ठेली लगाने वालों के लिए मोबाइल वेंडिंग जोन निर्धारित करने की दिशा पर भी कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने रेड लाइट वायोलेशन डिटेक्शन अधिकतर समय ऑटोमेटेड मोड को चालू रखा जाए ताकि सिस्टम यातायात प्रवाह को सीख कर खुद को अपग्रेड कर सके। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के साथ लगातार सामंजस्य स्थापित गृह श्रीमती निवेदिता कुकरेती, जिलाधिकारी देहरादून श्री सविन बंसल एवं एसएसपी देहरादून श्री अजय सिंह सहित लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) के अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश में बंद पड़े हैंडपंपों को पुनः रिचार्ज किए जाएं : आनंद वर्धन

देहरादून(उद संवाददाता)। अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सचिवालय में स्प्रिंग एंड रिवर रिजूविनेशन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड की जनपद एवं अंतर-विभागीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन ने सभी विभागों को सारा के अंतर्गत गतिमान योजनाओं को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा आगामी 15 दिनों के अंदर जनपदों में लंबित कार्यों का परीक्षण करवा कर रिपोर्ट शासन को भेजी जाए, एवं जो कार्य धरातल पर पूर्ण हो चुके हैं, उनके आउटकम आंकड़े सहित पेश किए जाएं। उन्होंने कहा प्रदेश के अंदर बंद पड़े हैंडपंपों को पुनः रिचार्ज करने की दिशा में भी कार्य किए जाएं। बंद पड़े हैंडपंपों के माध्यम से भूजल को पुन:रिचार्ज किया जाए, जिसके लिए कार्य योजना बनाकर धरातल में उतारा जाए। उन्होंने कहा प्रदेश में पिछले साल तक पूर्ण रूप से सूख चुके हैंडपंपों की गिनती भी हो। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि क्रिटिकल जल स्रोतों के उपचार हेतु वैज्ञानिक विधि से स्प्रिंगशेड और रिचार्ज क्षेत्रों की पहचान और सीमांकन किया जाए। जल संरक्षण के साथ ही जल गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा भौगोलिक स्थिति को देखते हुए उपयुक्त रिचार्ज उपायों को अपनाया जाए। उन्होंने कहा पेयजल निगम, जल संस्थान, सिंचाई एवं लघु सिंचाई विभाग द्वारा चिन्हित किए गए कार्यों में आपसी समन्वय के साथ तेजी लाई जाए, एवं हर योजना का तकनीकी अध्ययन जरूर करवाएं। इस दौरान बैठक में बताया गया कि पेयजल निगम द्वारा राज्य के अंतर्गत कुल 78 एवं जल संस्थान द्वारा राज्य के कुल 415 क्रिटिकल जल स्रोत चिन्हित किए गए हैं, जिन पर विभिन्न स्तरों पर कार्य गतिमान है। इस अवसर पर अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती नीना ग्रेवाल, आईएफएस आर.के मिश्रा, अपर सचिव श्रीमती गरिमा, बीके तिवारी एचओडी लघु सिंचाई एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।






# 15 सितंबर से शुरू होगा उत्तराखंड प्रीमियर लीग का रोमांच

## देहरादून और हरिद्वार के बीच होगा पहला मुकाबला

देहरादून(उद संवाददाता)। राजधानी देहरादून में आयोजित होने वाली उत्तराखंड प्रीमियर लीग (यूपीएल) में पुरुष वर्ग का पहला मैच देहरादून वॉरियर्स और हरिद्वार स्प्रिंग एल्मास के बीच खेला जाएगा। जबकि महिला वर्ग का पहला मैच पिथौरागढ़ हरिकेंस और नैनीताल एसजी पाइपर्स के बीच होगा। उधर, सोमवार को क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड (सीएयू) की ओर से लीग का फिक्सचर जारी किया गया। आईपीएल की तर्ज पर होने वाली लीग के सभी 16 मुकाबले राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। इसका शुभारंभ 15 सितंबर को किया जाएगा। शाम 7:30 बजे से शुरू होने वाले मैच से पहले उद्घाटन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें बॉलीवुड गायक व संगीतकार बी प्राक लाइव प्रस्तुति देंगे। इस समारोह में प्रतिभाग करने के लिए दर्शकों को पेटीएम इनसाइडर पर पंजीकरण करना होगा। वहीं, क्रिकेट प्रेमियों के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए सभी मैचों के लिए दर्शकों के प्रवेश को निशुल्क रखा गया है। जबकि लीग के मैचों का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। सीएयू के सचिव महिल वर्मा ने कहा, दर्शकों के मनोरंजन के लिए सभी मैचों के दौरान संगीतमय कार्यक्रम की व्यवस्था की गई है। 15 सितंबर से पुरुष वर्ग और 16 सितंबर से महिला वर्ग के मैच खेले जाएंगे। पुरुष वर्ग का फाइनल मैच 22 और महिला वर्ग का खिताबी मुकाबला 21 सितंबर को खेला जाएगा। कहा कि यूपीएल उत्तराखंड के क्रिकेटरों को मंच देने के साथ यहां के दर्शकों के लिए मनोरंजन का बड़ा जरिया बनेगा। हमारा प्रयास है कि लीग को आईपीएल की तर्ज पर भव्य बनाया जाए।




# अब सभी हेलिकॉप्टर सेवा में लगेगा पांच प्रतिशत जीएसटी

देहरादून। प्रदेश में हेलिकॉप्टर सेवा में पांच प्रतिशत के हिसाब से जीएसटी लगेगा। इसके लिए जीएसटी परिषद ने सहमति जताई है। अभी तक इकोनॉमी क्लास पर पांच और अन्य पर 18 प्रतिशत जीएसटी निर्धारित है, लेकिन केदारनाथ हेली सेवा समेत उड़ान योजना के तहत प्रदेश में संचालित हेली सेवा में सीट शेयरिंग पर यात्री सफर करते हैं, जिससे जीएसटी को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं थी। सोमवार को दिल्ली में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की 54 वीं बैठक हुई, जिसमें वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने उत्तराखंड के मुद्दों को उठाया। कहा, हेलिकॉप्टर सेवा में निर्धारित जीएसटी को लेकर असमंजस है। इकोनॉमी क्लास के लिए पांच प्रतिशत और अन्य के लिए 18 प्रतिशत जीएसटी निर्धारित है। कहा, प्रदेश में संचालित हेली सेवाओं में यात्री सीट शेयरिंग के आधार पर यात्रा करते हैं। उन्होंने जीएसटी एक्ट में संशोधन करने का आग्रह किया, इस पर परिषद ने सहमति जताई। एक जुलाई, 2017 से 31 मार्च, 2020 में धारा 73 के तहत सृजित कर को जमा करने की शर्त के अधीन ब्याज व अर्थदंड की माफी के लिए नई धारा 128ए की निर्धारित करने वाली प्रक्रिया, आईपीसी को भारतीय न्याय संहिता से प्रतिस्थापित करने पर चर्चा की गई। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2020-21 तक के माध्यम से यदि किसी व्यापारी का छह माह तक रिटर्न फाइल न करने पर पंजीकरण रद्द होने पर 30 नवंबर 2021 कर दोबारा पंजीकरण बहाल करने का समय दिया गया, लेकिन सामान खरीदने वाले व्यापारी को आईटीसी का लाभ लेने का मौका नहीं दिया गया। अब ऐसे व्यापारियों को आईटीसी का लाभ ले सकते हैं। बैठक सचिव वित्त विनोद कुमार सुमन, आयुक्त राज्यकर डॉ. अहमद इकबाल आदि मौजूद थे।

# महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे पं. गोविन्द बल्लभ पंत : धामी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारत रत्न पं.गोविन्द बल्लभ पंत की जयंती के अवसर पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया है। पं. गोविन्द बल्लभ पंत को महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, देशभक्त, समाजसेवी तथा कुशल प्रशासक बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पं. पंत ने देश को नई दिशा देने के साथ ही कुली बेगारी प्रथा तथा जमींदारी उन्मूलन के लिए निर्णायक संघर्ष कर समाज में व्याप्त इन बुराइयों को मिटाने में अहम भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि पं. गोविन्द बल्लभ पंत ने महात्मा गांधी के आह्वान पर असहयोग आन्दोलन में भागीदारी के साथ राजनैतिक जीवन की शुरूआत की थी। स्वतंत्रता आन्दोलन के दौर में साइमन कमीशन के बहिष्कार एवं नमक सत्याग्रह में भी उन्होंने सक्रिय भागीदारी निभायी थी। उन्होंने कहा कि हिन्दी को राजभाषा के रूप में प्रतिष्ठित कराने तथा उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री एवं देश के गृहमंत्री रहते आधुनिक भारत के निर्माण में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पं. गोविन्द बल्लभ पंत का संघर्षशील एवं प्रेरणादायी नेतृत्व देशवासियों के लिये सदैव प्रेरणादायी रहेगा।



# विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी ने किया प्रवर समिति का गठन

देहरादून(उद संवाददाता)। विधानसभा अध्यक्ष रितु भूषण खंडूरी ने निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण तय करने को लिए प्रवर समिति का गठन किया है। इसके लिए अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण तय करने को लिए प्रवर समिति का गठन कर दिया गया है। बता दें कि गैरसैंण विधानसभा सत्र में निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण तय करने पर सवाल उठे थे। बीजेपी विधयकों ने इस पर सवाल उठाए थे। जिसके बाद विधेयक को प्रवर समिति के अधीन करने पर सहमति बनी थी। प्रवर समिति में सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों को समिति में जगह दी गई है। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को समिति का सभापति बनाया गया है। भाजपा विधायक विनोद चमोली और मुन्ना सिंह चौहान और खजान दास समिति में सदस्य हैं। जबकि कांग्रेस विधायक ममता राकेश और हरीश सिंह धामी के साथ ही बसपा विधायक मोहम्मद शहजाद को भी समिति में सदस्य बनाया गया है।



# मुख्यमंत्री की घोषणा के कार्यों को तेजी से पूरा करें: सीडीओ

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने विकास भवन सभागार में जिला योजना, राज्य सेक्टर, केंद्र पोषित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्यों में गति लाकर योजना पर धनराशि व्यय करने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा जनपद में की गई घोषणा कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री घोषणा कार्यों के त्वरित गति से कार्य करते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को योजना कार्यों को प्रारंभ होने व पूर्ण होने की तिथि भी अंकन कर अर्थ एवं संख्याधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों को ई–ऑफिस संचालित करने व सीएम हेल्पलाइन, जन समर्पित पोर्टल में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने सभी अधिकारियों को 01 करोड़ से अधिक की योजना को गति शक्ति पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये। उन्होने जल संरक्षण अभियान के तहत किये जा रहे पौधा रोपड़ की जीओ टैगिंग करते हुए पोर्टल पर अपलोड करने के साथ ही विभागों द्वारा किये जा रहे नवाचार व अच्छे कार्यो का डाक्यूमेन्टेशन करते हुए एनआईसी को भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होने आपदा में क्षतिग्रस्त विभागीय परिसम्पत्तियों की सूची आंगणन के साथ प्रस्तुत करने के निर्देश दिये ताकि



आपदा मद से धनराशि आवंटित की जा सकें। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जिला योजना में अनुमोदित अवमुक्त धनराशि 7420.10 लाख के सापेक्ष जिला स्तर पर विभागों को 5291.14 लाख अवमुक्त की गयी जिसमे से विभागो द्वारा 3314.34 लाख व्यय किया गया। इसी तरह राज्य योजना के तहत शासन से अवमुक्त 29528.60 लाख के सापेक्ष विभागों द्वारा 16569.21 लाख व्यय कर लिया गया है तथा केन्द्र पोषित योजना में अवमुक्त धनराशि 11012.54 लाख के सापेक्ष विभागों द्वारा 8821.62 लाख आतिथि तक व्यय किया गया। बीस सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी नफील जमील ने बताया कि बीस सूत्रीय कार्यक्रम के 44 मदों में से जनपद 38 मदों में ए श्रेणी में व 03 मदों में बी श्रेणी, 02 मदों में सी श्रेणी तथा 01 मद में डी श्रेणी में है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने बी, सी व डी श्रेणी मदों के अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करते हुए ए श्रेणी में लाने के निर्देश दिये। उन्होंने राज्य व केन्द्र सरकार के फ्लैगशिप योजनाओं में प्राथमिकता से कार्य करते हुए शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 मनोज शर्मा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 एसबी सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, मुख्य उद्यान अधिकारी प्रभाकर सिंह, आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी आलोक शुक्ला, महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी नफील जमील, अधिशासी अभियंता सिंचाई पीसी पाण्डे, आनंद सिंह नेगी, लघु सिंचाई सुशील कुमार, जल निगम सुनील जोशी, नलकूप आर के सिंह, लोनिवि ओपी सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद थे।

# गांधी पार्क हमारे रूद्रपुर की शान, मिटने नही देंगे :ग्रोवर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गांधी पार्क हमारे रूद्रपुर की शान है इसके अस्तित्व को मिटने नही दिया जायेगा। यह बात वरिष्ठ समाजसेवी मान सिंह ग्रोवर ने कही। प्रेस को जारी बयान में श्री ग्रोवर ने कहा कि पिछले कई वर्षो से स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्रता दिवस पर गांधी पार्क में झण्डा फहराकर धूमधाम के साथ मनाया जाता रहा है। यही नही गांधी पार्क में इस क्षेत्र का सबसे ऊंचा राष्ट्रध्वज भी स्थापित है। ऐसे में गांधी पार्क का अस्तित्व खत्म करना रूद्रपुर ही नही बल्कि देशभक्तों के सम्मान को ठेस पहुंचाने जैसा है। श्री ग्रोवर ने कहा कि गांधी पार्क सिर्फ एक पार्क नही है बल्कि हम रूद्रपुरवासियों के अतीत की एक महत्वपूर्ण धरोहर है। उन्होंने कहा कि बचपन से लेकर अभी तक हम रूद्रपुर वासियों की यह क्रीड़ा स्थल, वॉकिंग स्थल के साथ दिलों में बसा एक महत्वपूर्ण स्थान है। श्री ग्रोवर ने कहा कि रूद्रपुर में बाहर से आने वाले लोगों के लिये यह एक महफूस स्थल है जहां लोग कुछ समय विश्राम कर अपनी थकान को दूर कर लेते है। ऐसे में इस स्थान के अस्तित्व को मिटाना हम सब की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना जैसा है। श्री ग्रोवर ने कहा कि शासन प्रशासन द्वारा यहां बहुमंजिला पार्किग और काम्पलेक्स का प्रस्ताव रखा गया है। जो अनुचित है। हम रूद्रपुरवासी उत्तराखण्ड सरकार से मांग करते है कि गांधी पार्क के अस्तित्व को खत्म न किया जाये बल्कि इसे एक सुन्दर पार्क के रूप में विकसित किया जाये। उन्होंने कहा कि शहर की पार्किग की समस्या के लिये सरकार अन्यंत्र स्थान ढूंढ कर इसका समाधान करे। यदि सरकार ने गांधी पार्क के अस्तित्व को मिटाने का काम किया तो हम रूद्रपुर वासी इसका पुरजोर विरोध कर सड़कों पर उतरकर धरना प्रदर्शन के लिये बाध्य होंगे।



# प्रदर्शन की सफलता पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जताया आभार

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। भाजपा सरकार के खिलाफ रूद्रपुर में सोमवार को आयोजित विरोध प्रदर्शन में भारी भीड़ उमड़ने पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने जिले भर के पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से कल का प्रदर्शन ऐतिहासिक रहा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के खिलाफ यह प्रदर्शन अभी संघर्ष की शुरूआत है। इस सरकार को सत्ता से उखाड़ फैंकने तक कार्यकर्ताओं को यही जोश बनाये रखना होगा। उन्होंने कहा कि जनविरोधी भाजपा सरकार के पाप का घड़ा भर चुका है। पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट, है महिलाओं पर हो रहे अत्चायार से देवभूमि शर्मसार हो रही है। देवभूमि की जनता इस सरकार को कभी माफ नहीं करेगी। श्री आर्य ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा के नेताओं से ही ही बेटियां सुरक्षित नहीं है। भाजपा के नेता महिलाओं बेटियों के साथ दुष्कर्म में लिप्त हैं। सरकार उन्हें सजा दिलाने के बजाय उन्हें संरक्षण देने का काम कर रही है। इस सरकार की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। आगामी उपचुनाव, निकाय चुनाव और पंचायत चुनावों में भाजपा की करनी का फल उसे भोगना होगा। जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने विरोध प्रदर्शन में जुटे कार्यकर्ताओं एवं आम जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस एकजुटता से कार्यकर्ताओं ने इस विरोध प्रदर्शन को सफल बनाया है इसी एकजुटता से पार्टी एक बार फिर सत्ता में वापसी करेगी।

# सक्षम का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।समदृष्टि, क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल, सक्षमका दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग शिविर सरस्वती शिशु मंदिर, जीवन धाम ,अल्मोड़ा में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण वर्ग शिविर के पहले दिन राष्ट्रीय संगठन प्रमुख चंद्रशेखर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आनंद सिंह बिष्ट, प्रांत अध्यक्ष ललित पन्त,प्रांत संरक्षक डॉ. एल. एम. उप्रेती, मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रांत सचिव कपिल रतूड़ी ने किया।चंद्रशेखर,आनंद सिंह बिष्ट,ललित पन्त, डॉ. एल. एम. उप्रेती ने सामूहिक रूप से भारत माता व महाकवि सूरदास जी के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर, कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती पूनम जोशी के निर्देशन में तैयार किए गए सरस्वती वंदना नृत्य– गान की अति मनोहारी प्रस्तुति विद्यालय की छात्राओं द्वारा की गई ।दीप प्रज्वलन , पुष्पांजलि अतिथि सत्कार, एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात आनंद सिंह बिष्ट ने



अपनी पुत्रवधू के माध्यम से आयोजन हेतु आर्थिक सहयोग करते हुए दिव्यांगों व सक्षम के प्रति मानवीय संवेदनाएं व्यक्त की। तत्पश्चात प्रशिक्षण वर्ग द्वितीय चरण में अल्मोड़ा पूर्व सीएमएस नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जे.सी . दुर्गापाल ने नेत्रों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई । उन्होंने विभिन्न नेत्र रोगों व उनके कारणों ,बचाव पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने नेत्रदान को महादान बताते हुए नेत्रदान के प्रति बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने व जागरूकता बनाए रखने की अपील की।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संपर्क प्रमुख डॉक्टर परवीन ने सक्षम दायित्वधारियों को सक्षम के उद्देश्यों को उन तक पहुंचाने व सक्षम के प्रति दिव्यांगों के मन में विश्वास जागृत करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि कई एन.जी. ओ. इस क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं परंतु दिव्यांगों की स्थिति में कोई विशेष सुधार नहीं हो पाया है। ऐसी एनजीओज में सेवा भाव ना होना मुख्य कारण है। इसलिए यह आवश्यक है कि सक्षम कार्यकर्ताओं की पहचान दिव्यांगों के मन में उनके एक सच्चे हितेषी के रूप में स्थापित होना आवश्यक है। जिला संपर्क प्रमुख ने बताया कि दिव्यांगों को शिक्षा में प्रोत्साहन के लिए सरकार कई प्रकार से सहयोग व मदद कर रही है। प्रशिक्षण वर्ग में वक्ताओं से कई मुद्दों पर प्रश्न किया जिसका उन्होंने मौके पर ही समाधान किया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार संपर्क बनाए रखने की बात कही।




# सरकार के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन फ्लॉप शो साबित हुआ : विकास शर्मा

रूद्रपुर। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को नौटंकी करार दिया है। जारी बयान में भाजपा प्रदेश मंत्री ने कहा कि कांग्रेस मुद्दाविहीन हो चुकी है और जनता को गुमराह करने के लिए तरह–तरह के हथकण्डे अपना रही है। रूद्रपुर में सरकार के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन फ्लॉप शो साबित हुआ है। दो दो जिलों से भीड़ बुलाने के बावजूद कांग्रेस दो हजार की भीड़ नहीं जुटा पायी। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में धामी सरकार पारदर्शिता से काम कर रही है। कांग्रेस के भ्रष्टाचार के आरोप बेबुनियाद है। युवा मुख्यमंत्री धामी प्रदेश में जीरो टॉलरेंस की सरकार चला रहे हैं। धामी सरकार ने प्रदेश में विकास के नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। उत्तराखण्ड आज मॉडल प्रदेश बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। कांग्रेस विकास कार्यों में रोड़े अटकाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के झूठ का जनता आगामी चुनावों में करारा जवाब देगी






# गणेश उत्सव का किया शुभारम्भ

रूद्रपुर। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने वार्ड नंबर 22 वाल्मीकि मंदिर के पास गणेश महोत्सव का विधिवत शुभारम्भ किया। इसके अलावा भूरारानी स्थित शनि मंदिर में पहुंचकर गणेश महोत्सव में प्रतिभाग कर सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में आपसी सौहार्द्र और भाईचारा बढ़ाते है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में विभिन्न पर्व और त्यौहारों



का विशेष महत्व है। धार्मिक पर्व हमें अलग संदेश देते हैं और सही राह पर चलने की सीख देते हैं। उन्होंने कहा कि गणेश जी को प्रथम पूजनीय माना जाता है। उन्हें विघ्न हर्ता भी माना जाता है। उनकी पूजा अर्चना से सभी तरह के विघ्न दूर होते हैं। इस अवसर पर समाजसेवी संजय ठुकराल, ललित बिष्ट, बंटी कोली, अनिल, विशु, मोनू, सोनू, पवन, दया राम, राहुल, आकाश, राजू, बिल्ला, अजीत आदि लोग मौजूद थे।

# सिक्स सिग्मा में छात्राओं का छह दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। क्षेत्र के फार्मेसी संस्थान सिक्स सिग्मा इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस में महिंद्रा प्राइड द्वारा छः दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरिता थीं। इस आयोजन का शुभारम्भ सरिता द्वारा एवं संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन द्वारा कराया गया। इस प्रशिक्षण में फार्मेसी के 50 से अधिक छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसके बाद छात्राओं को महिंद्रा प्राइड के सरिता द्वारा छात्राओं को निम्न विषयों पर जैसे कम्युनिकेशन स्किल, एम्पलाईबिलिटी स्किल, गोल सेटिंग, समय प्रबंधन, सॉफ्ट स्किल, पोस्टर प्रेजेंटेशन, ओरल प्रेजेंटेशन का प्रशिक्षण दिया गया तत्पश्चात प्रशिक्षण से सम्बंधित पी.पी.टी प्रस्तुति कर पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



जिसमें सभी छात्राओ ने प्रतिभाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आयुषी शील, दूसरा स्थान ईशा ढाली को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया, इस प्रशिक्षण से संस्थान के छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। संस्थान के चेयरमैन राजेश कुमार डाबर, को–चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, मैनेजिंग डायरेक्टर सी.ए. शिव अरोरा, डायरेक्टर डॉ. सीमा अरोरा, मैनेजमेंट मेंबर वंश डावर, शौर्य अरोरा, फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. विजय सिंह, इंजीनियरिंग विभाग के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट, उप–प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, विभागाध्यक्ष दीपिका देउपा, नूपुर श्रीवास्तव, स्वाति जोशी, प्रगति सक्सेना, आलिया नाज, सी.ए.ओ. अनुभव बाठला एवं सभी शिक्षक– शिक्षकाओ के साथ–साथ लगभग 50 छात्राओं ने भाग लिया एवं जानकारी प्राप्त की।

# युवती हुई लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिवस ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र से एक युवती सेदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। मामले की सूचना थाना पुलिस को दे दी गई है। मूल रूप एसे अल्मोड़ा निवासी परिजनों का कहना है कि 5 सितम्बर को उसकी लगभग 16 वर्षीय छोटी बहन घर से बिना बताए कहीं चली गयी है। बहन की सभी सम्भावित जगह व रिश्तेदारी में खोजबीन कर ली है लेकिन उसका पता नहीं चल रहा है।

# हिमालय के संरक्षण की दिशा में मिलकर करने होंगे प्रयास: धामी

## सीएम ने अन्तरराष्ट्रीय साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी फेस्टिवल के पोस्टर का विमोचन किया, छह जिलों में होगा आयोजन

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को हिमालय दिवस के अवसर पर मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालय के सरोकारों से जुड़े विषयों के लिए महानिदेशक यूकॉस्ट श्री दुर्गेश पंत के इंजीनियरिंग कॉलेजों में किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सभी को हिमालय दिवस की शुभकामनाएं दी और हिमालय के संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य कर रहे लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य में हर वर्ष 02 सितम्बर को बुग्याल संरक्षण दिवस मनाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हमने तमाम आपदाएं देश-दुनिया मे देखी हैं। इस बार भी हमारे प्रदेश में कई जगह आपदा आई। पिछले साल हमने आपदाओं पर वर्ल्ड कांग्रेस का आयोजन भी किया। 29 नवंबर 2023 को यह आयोजन हुआ था और उसी दिन सिलक्यारा टनल में फंसे श्रमिकों को निकालने में सफल रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालय के महत्व को हमें नई तरह से समझने की जरूरत है। जल स्रोतों और नदियों के पुनर्जीवीकरण की दिशा में सरकार द्वारा निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। इसके लिए स्प्रिंग एण्ड रिवर रिज्यूवनेशन अथॉरिटी का गठन किया गया है। हिमालय के संरक्षण के लिए भी और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है, लेकिन इन सब में जन सहभागिता की जरूरत है, तभी हम इन प्रयासों में सफल हो पाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग की बैठक में भी उन्होंने हिमालय के लिए अलग से योजना बनाये जाने की बात उठायी है। उत्तराखण्ड की जनसंख्या सवा करोड़ मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने पूरी गंभीरता से हिमालय एवं इसके संरक्षण के लिए कई नई पहल की हैं। नीति आयोग की बैठक में भी मुख्यमंत्री ने संपूर्ण हिमालय की समस्या को गंभीरता से उठाया। हिमालय से जुड़े मुद्दों को राजनीतिक क्षेत्र में भी ले जाना होगा। इस अवसर पर विधायक किशोर








संयोजन में एक कमेटी बनाई जायेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यूकॉस्ट द्वारा आयोजित की जाने वाली पांचवें राज्य स्तरीय देहरादून, अन्तरराष्ट्रीय साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी फेस्टिवल के पोस्टर का विमोचन किया। यह महोत्सव 06 जनपदों देहरादून, चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी, बागेश्वर और पिथौरागढ़ स्थित कि जलवायु परिवर्तन तेजी से हो रहा है। देहरादून में भी इस वर्ष तापमान में काफी वृद्धि हुई। तेज गति से बढ़ता तापमान भविष्य के लिए चिंताजनक है। हमें हिमालय, जल और जंगल के संरक्षण की दिशा में मिलकर प्रयास करने होंगे, हमें सोचना होगा कि भावी पीढ़ी को विरासत में क्या देकर जा रहे हैं। सुरक्षित बाहर निकाला गया था। उन्होंने कहा कि जब 17 दिन तक रेस्क्यू चल रहा था तो बहुत बार लगता था कि आज ब्रेक थ्रू होगा लेकिन कुछ न कुछ अड़चन आती रही। उस समय हमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सहयोग से दुनिया भर की तकनीक मिली और आखिरकार हम सभी को सकुशल बाहर अनेक कार्य किये जा सकते हैं। हिमालय हमारी अमूल्य धरोहर है, जिसे बचाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड पहला राज्य है जहाँ जी.ई.पी की शुरूआत की गई है। राज्य में इकोलॉजी व इकोनॉमी में संतुलन बनाकर विकास के कार्य किये जा रहे हैं। सरकार पौधा रोपण, जल संरक्षण है और व्यवस्था हर साल लगभग 10 करोड़ लोगों के लिए करनी पड़ती है। उत्तराखण्ड के लिए योजना बनाते समय राज्य में आने वाली फ्लोटिंग पोपुलेशन को ध्यान में रखकर योजना बनाने का अनुरोध किया है। कार्यक्रम में हेस्को के संस्थापक और पद्मभूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने कहा कि उपाध्याय, महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो दुर्गेश पंत, विधायक श्रीमती सविता कपूर, विधायक उमेश शर्मा काऊ, पद्मश्री कल्याण सिंह रावत, प्रमुख वन संरक्षक डा. धनंजय मोहन, इसरो देहरादून के निदेशक आर.पी. सिंह, आई.आई.पी के निदेशक हरेन्द्र बिष्ट एवं विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# स्कूलों के आसपास छुट्टी के समय पुलिस की गश्त बढ़ाने का दिया सुझाव

## असुरक्षित स्थानों के चिन्हीकरण विषय में कार्यशाला आयोजित

नैनीताल(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में सोमवार को यूनिवर्सल कॉन्वेंट स्कूल, हल्द्वानी में महिला एवम बाल विकास विभाग नैनीताल ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत बालिकाओं द्वारा असुरक्षित स्थानों के चिन्हीकरण विषय में कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में पुलिस, स्वास्थ, शिक्षा एवम परिवीक्षा विभाग से आए हुए अधिकारियों ने बालिकाओं से उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। अपर निदेशक, प्रशिक्षण श्रीमती ऋचा सिंह ने बालिकाओं से वार्ता करते हुए असुरक्षित स्थानों के बारे में पूछा। साथ ही बताया कि पिछली कार्यशालाओं में चिन्हित स्थानों विभागों द्वारा कार्यवाही भी की गई है। इन लगातार हो रही कार्यशाला का उद्देश्य भय मुक्त वातावरण को बनाना है जहां बालिकाएं स्वयं को सुरक्षित महसूस करें और विश्वास के साथ कहीं भी आ जा सके।



बाल विकास परियोजना अधिकारी शिल्पा जोशी ने बालिकाओं को बिना डरे असुरक्षित क्षेत्रों को बताने के लिए कहा। हल्द्वानी में गोविंदपुर गढ़वाल, तीनपानी फ्लाईओवर के पास, आरटीओ रोड में सत्या विहार एवम सरस्वती नारायणपुरम, धनपुरी चौराहा, सुलताननगरी, प्रेमपुर लोषज्ञानी में सन्डे मार्केट, शिव विहार, कठघरिया, बिठोरिया, लामाचौड़ के कुछ क्षेत्र को बालिकाओं ने असुरक्षित बताया। बालिकाओं ने बताया गया कि इन जगहों पर ड्रग्स और शराब के नशे में लड़के झुंड बनाकर बैठे रहते हैं, कुछ चिन्हित स्थानों में ड्रग्स और शराब का कारोबार भी चलता है। सुनसान रास्ते में पीछा करते हैं। कार्यशाला मे बालिकाओं ने स्कूलों के आसपास छुट्टी के समय पुलिस की गश्त, ऑटो चालक एवम ईरिक्शा चालक का सत्यापन, ऑटो या रिक्शा स्टैंड पर एवम अन्य चिन्हित स्थानों पर पेट्रोलिंग के सुझाव भी दिए। इस कार्यशाला में चिन्हित स्थानों के कारणों को समिति जिलाधिकारी को प्रेषित करेगी, जिससे समस्या का निस्तारण हो। कार्यक्रम में डा. आयुषी ने महिला स्वास्थ संबंधी, पुलिस विभाग से ऐस. आई. ज्योति कोरंगा ने महिला हेल्पलाइन ऐप और जिला प्रोबेशन कार्यालय से तबस्सुम ने हेल्पलाइन नम्बर्स की जानकारी दी। शिक्षा विभाग से यशोदा शाह ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या एवम शिक्षिकायें,सुपरवाईजर सुशीला ग्वाल एवम मीना उपस्थित रहे।

# कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने नैना देवी मंदिर में की पूजा अर्चना

नैनीताल(उद संवाददाता)। कुमाऊं आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री उत्तराखंड दीपक रावत नैनीताल में आयोजित श्री माँ नंदा सुनंदा महोत्सव में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नैना देवी मंदिर में पहुंच कर कदली वृक्ष की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। साथ ही मेले का जायजा लिया।कहा कि मेले की व्यवस्था साल दर साल बेहतर हो रही हैं। नंदा महोत्सव पर नैनीताल नगर का माहौल



अद्धभुत और दर्शनीय होता है।साथ ही इसको मानस खंड से भी जोड़ा गया हैं। नगर को बेहतर बनाने के कई विकास कार्य भी किए जाने हैं। जिसके अंतर्गत पार्किंग व्यवस्था , ड्रेनेज, कूड़ा निस्तारण आदि पर भी बेहतर कार्य किया जाना है।जिसके लिए जिला प्रशासन अपने स्तर से कार्य कर रहा है।उन्होंने महोत्सव को बेहतर और भव्य बनाने के लिए लोगों से सहयोग करने की अपील की।



# गणेश महोत्सव में धर्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सिडकुल चौक पर गत वर्षों की भाति इस वर्ष भी श्री गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। गत सायं आयोजन स्थल पर गणेश भक्ति से परिपूर्ण कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि कलाकारों द्वारा कई कार्यक्रम प्रस्तुत कर वातावरण भक्तिमय कर दिया गया। इससे पूर्व विधिविधान से भगवान श्री गणेश जी की पूजा अर्चना की गई। पं. भैरव दत्त शर्मा द्वारा कार्यक्रम के मुख्य जजमान आशुतोष शर्मा, रश्मि शर्मा, दीपक वाबड़े,अर्चना वाबड़े आदि से पूजा अर्चना करवाई गई। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिसमें रिद्धिम टेलेन्ट डांस स्टूडियो द्वारा गणेश वंदना, केरला ग्रुप रूद्रपुर द्वारा केरला नृत्य कृति, सारथी दिव्यांग बच्चों द्वारा श्री गणेश नृत्य, विक्रम दिल्ली के कलाकारों ने अलग अलग आवाजों से उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया। मॉम प्राईज स्कूल के बच्चों ने नाटक, लुकास



कम्पनी के श्रमिकों ने गरबा डांस पंस्तुत किये गया। अंत में आरती हुई और प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान हिमांशु शुक्ला, मनोज सक्सेना, संजय सिंघल, कुशल अग्रवाल, राजेश मिश्रा, हुडेकर, लाखन सिंह, शिवेन्द्र, अर्चना सिंह, मुकेश नारंग, रितू नारंग, प्रकाश भट्ट, कविश आहूजा, अनीता शर्मा, अमित लैन, अनुराधा जैन, अनिरूद्ध जोशी, अजय तिवारी, संजय सिंघल, मनोज सक्सेना, सोनू अग्रवाल, रवि अग्रवाल, पीएस रावत, विक्रम सिंह राणा, हरविन्दर सिंह, धर्मदास शर्मा, अनूप सिंह, हिमांशु गुप्ता, विनय मिश्रा, रवि शरण, राजेश कुमार, भास्कर जोशी, मानवेन्द्र सिह, धनजंय सिंह, मिलिन्द होडेकर, राजेश मिश्रा, विनोद शर्मा, देव अरोरा, अनुज अरोरा, अरविन्द यादव, सोहन सिंह , देवेन्द्र गंगवार, सजल सूद, संतोष रागोड़े, प्रवीण पंवार, विनोद प्रजापति, डीडी सत्यावली, हितेन्द्र कुमार, शिवेन्द्र नारायण शाही, रवि बोरा, दिवाकर दूबे, आशीष कुमार आदि सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद थे।






## गांधी पार्क में पार्किंग के खिलाफ एडीएम को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।गांधी पार्क का स्वरूप बिगाड़ने और अण्डर ग्राउण्ड पार्किंग के विरोध में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कलेक्ट्रेट में जिला विकास प्राधिकरण के सचिव व अपर जिलाधिकारी नजूल पंकज उपाध्याय से मुलाकात की और पार्क में अण्डरग्राउण्ड पार्किंग न बनाने के लिए ज्ञापन सौंपा। कलेक्ट्रेट मे वार्ता के दौरान ठुकराल ने उपाध्याय को अवगत कराया कि गांधी पार्क के बजाय रुद्रपुर में सिब्बल सिनेमा के सामने, रिक्त पड़े सरकारी भूखण्ड पर या सिचाई विभाग की रिक्त भूमि पर अथवा काशीपुर रोड पर सीरगोटिया बस्ती के साथ ट्रेनिग सेन्टर रोड पर पड़े विशाल भूखण्ड पर अंडर ग्राउण्ड पार्किंग व मल्टीपरपज मार्केटिंग काम्प्लेक्स का निर्माण न्यायोचित व व्यापक जनहित में है।



ठुकराल ने उपाध्याय से कहा कि गांधीपार्क के पास पानी बरसात के दिनों मे भरा रहने के कारण यहाँ अण्डरग्राउण्ड पार्किंग सफल नही हो पायेगी। उस पर पड़ने वाले विशाल लिन्टर पर धार्मिक, सामाजिक राजनैतिक आदि कार्यक्रम होने पर भारी भीड़ का वजन होने पर अण्डर ग्राउंड पार्किंग के ऊपर लिंटर गिर सकता है। ठुकराल ने कहा कि अगले दो वर्षो तक इसका निर्माण कार्य होने से शहर का जनजीवन अस्तव्यस्त हो जायेगा । उन्होंने कहा कि दशहरा मेला सहित समस्त राजनैतिक, धार्मिक सामाजिक, व्यापारिक कार्यक्रमों के मद्देनजर गांधी पार्क मे अण्डर ग्राउण्ड व्यापक जनहित मे नही बनाना चाहिए।

## हल्द्वानी में रामलीला मंचन 28 सितम्बर से

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री रामलीला मैदान में श्री रामलीला संचालन समिति के सदस्यों की एक बैठक संरक्षक सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई । जिसमें आगामी 17 सितंबर दिन मंगलवार को ध्वज स्थापना की तैयारी के संबंध में चर्चा हुई। रामलीला कमेटी के व्यास पंडित गोपाल भट्ट जी ने बताया कि श्राद्धों से पूर्व ही रामलीला मंचन के लिए ध्वजा स्थापित कर इसका विधिवत शुभारंभ कर दिया जाता है। संरक्षक सिटी मजिस्ट्रेट वाजपेई द्वारा बताया गया कि आगामी 28 सितंबर से रामलीला मैदान में श्री गणेश पूजन के साथ रामलीला का विधिवत मंचन शुरू कर दिया जाएगा। संचालन समिति की बैठक में सदस्यों द्वारा नगर की धर्म प्रेमी जनता व गणमान्य लोगों से कुमाऊं की प्राचीनतम रामलीला में हर प्रकार का सहयोग और समय देने का आग्रह किया गया। रामलीला संचालन समिति के सदस्य विवेक कश्यप ने बताया कि हर वर्ष आम लोगों के सहयोग से ही दिन और रात्रि लीला का यहां पर मंचन किया जाता है।बैठक में संचालन समिति के सदस्य विवेक कश्यप, तनुज गुप्ता, बिंदेश गुप्ता, गोपाल पाल, विजय भट्ट, हितेश पांडे, अतुल अग्रवाल, वेद प्रकाश अग्रवाल, बसंत अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, भवानी शंकर नीरज, भोलानाथ केसरवानी, अजय राजौर, रूपेंद्र नागर, अरुण अग्रवाल, मनोज गुप्ता, दिनेश गुप्ता, विनीत अग्रवाल आदि सदस्य मौजूद रहे।



## 32 वें गुरमत समागम में श्रद्धालुओं ने किया अमृत पान

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पावन प्रथम प्रकाश पर्व के अवसर पर ग्राम बांस खेड़ी के गुरुद्वारा साहिब में सालाना गुरमत समागम आयोजित हुआ, जिसमें वक्ताओं ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की वाणी एवं उपदेशों को आत्मसात करने के साथ गुरुमुखी पंजाबी अक्षर ज्ञान प्राप्त करने का भी आह्वान किया। इस दौरान 14 लोगों ने अमृत छककर गुरु वाले बनने का संकल्प लिया । इस मौके पर गुरुद्वारा साहिब के जत्थेदार बाबा जागीर सिंह ने बताया कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रथम प्रकाश पर्व तथा संत सिपाही बाबा वडभाग सिंह जी के जन्म दिहाड़े के शुभ अवसर पर 32 वें सालाना गुरमत समागम आयोजित किए गए । जिसमें श्री अमृतसर के ग्राम ऐतिहासिक ग्राम पहू विंड से आए ढाढ़ी जत्था भाई मनवीर सिंह द्वारा गुर इतिहास श्रवण करवा कर संगत को अनमोल जानकारियां प्रदान की । वहीं बरेली के रागी जत्था भाई सतवंत सिंह द्वारा ष्धुर की बाणी आई तिन सगली चिंत मिटाई तथा आवो सिख सतगुरु के प्यारेओ गावो सच्ची वाणी सहित मधुर स्वरों में गुरबाणी गायन करके संगत को आनंदित किया । वहीं ज्ञानी भजन सिंह द्वारा गुरु ग्रंथ साहिब की कथा, भाई अभिजीत सिंह द्वारा गुरबाणी कीर्तन, भाई अजैब सिंह केला खेड़ा एवं भाई बलविंदर सिंह के कवीशरी जत्थे द्वारा इतिहास श्रवण कराया गया इस दौरान भारी संख्या में संगत द्वारा सहभागिता करने के उपरांत अरदास में शामिल होकर गुरु का लंगर रूपी प्रसाद भी ग्रहण किया ।वहीं श्री नानकमता साहिब की गुरमत कमेटी द्वारा आयोजित किए गए अमृत संचार कार्यक्रम में 14 प्राणियों ने अमृत पान कर गुरु वाले बनने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन भाई अमरिंदर सिंह द्वारा किया गया ।




## विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने पर बेहड़ ने कार्यकर्ताओं का जताया आभार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलधिकारी कार्यालय का घेराव को सफल बनाने पर किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है। बेहड़ ने कहा कि ये वे कार्यकर्त्ता है जो हर सुख–दुख में मेरा कंधे से कन्धा मिलाकर साथ देते है और मैं भी इनकी सेवा में 24 घंटे हाजिर हूँ । इन्ही कार्यकर्ताओं से मेरे को ताकत व उर्जा मिलती है और मैं और अधिक जोश के साथ क्षेत्रवासियों की सेवा कर पाता हूँ । मैं विश्वास दिलाता हूँ कि मैं पूर्व कि भांति ही सैदेव अपने प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए सैदेव खड़ा हूँ और पार्टी के किसी भी कार्यकर्त्ता का उत्पीड़न बर्दाश नही किया जायेगा। कार्यकर्ता की हर संभव मदद को तैयार रहता हूँ और किसी भी स्तर तक उसकी लड़ाई लड़ूंगा। बेहड़ ने कहा के कार्यक्रम की सफलता के बाद कांग्रेसियों में भारी उत्साह है, आम जनता भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार व जन विरोधी नीतियों से दुखी हो चुकी है तथा इन्ही साथियों के साथ मिलकर हम आने वाले निकाय चुनाव में तथा 2027 में भी विधान सभा फतह करेंगे और प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनाने में अपना योगदान करेंगे।



## जयंती पर पंडित गोविंद बल्लभ पंत को किया नमन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राराजकुमार ठुकराल ने भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती पर पंतनगर पहुंचकर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान ठुकराल ने कहा कि भारत को विकास के पथ पर अग्रसर करने में पंडित गोविंद बल्लभ पंत ने अहम भूमिका निभाई थी। वे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के साथ ही कुशल प्रशासक भी थे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और देश के गृहमंत्री रहते हुए उन्होंने तेजी से विकास कार्य कराए। पंडित गोविंद बल्लभ पंत ने समाज के हर वर्ग के विकास को जीवन पथ पर आगे बढ़ने को प्रेरित किया। अंग्रेजी हुकूमत के आगे वे कभी नहीं झुके। उन्होंने कहा कि इस



तराई में आए हुए पंजाबी और बंगालियों को बसाने का काम भी पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी ने किया । उनकी सक्रियता और काबिलियत को देखते हुए ही आजादी के बाद उनको देश के सबसे बड़े प्रदेश यूपी की कमान सौंपी गयी। केन्द्रीय गृहमंत्री के रूप में भी गोविंद बल्लभ पंत ने देश की उस समय की आंतरिक चुनौतियों का सफलता से सामना किया। वह वास्तव में भारत की राजनीति में मूल्यों, आदर्शों और शुचिता के प्रतीक थे। इस अवसर पर संजय ठुकराल, ललित सिंह बिष्ट, आनन्द शर्मा, बंटी कोली आदि भी मोजूद थे।

## विरोध प्रदर्शन में मातृ शक्ति ने बड़ी संख्या में की भागीदारी

रूद्पुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी कार्यालय पर कांग्रेस द्वारा आयोजित विशाल धरना प्रदर्शन में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता भी पीछे नहीं रही, सैकड़ो की संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल हुई । प्रदर्शन से पूर्व उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की ऊर्जावान अध्यक्ष ज्योति रौतेला, और उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करण मेहरा का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया, बाद में सैकड़ो महिलाओं के साथ वह धरना स्थल पर पहुंची, यहां महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली,प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की



वरिष्ठ उपाध्यक्ष जया कर्नाटक, पूजा सिंह,अलका पाल,विमला सागुडी, पार्षद प्रीति साना,पूनम गुप्ता, मंजू जैन, ममता शर्मा, प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की महासचिव सुनीता कश्यप,प्रदेश सचिव सपना गिल,अंकिता अधिकारी,सुनीता सैनी,सरोजरानी,जुबैदा बेगम,कुसुम शर्मा, परवीन,कंचन शर्मा,सुमन,आशा, प्रेमवती, राधा,ममता,किरण,बकुल साना,सरला, सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थी। उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने सभी महिलाओं से महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और शोषण के खिलाफ,लाल ड्रेस में आने की अपील की थी, और अधिकांश महिलाएं लाल ड्रेस पहनकर ही आई थी।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# पौरालंपिक खिलाड़ियों का परचम

अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भारत के प्रदर्शन को लेकर अक्सर सवाल उठते रहे हैं कि इतने बड़े देश के खिलाड़ी उपलब्धियों की कसौटी पर पीछे क्यों रह जाते हैं। हाल ही में पेरिस में हुए ओलंपिक में पदक-तालिका में भारत की स्थिति को लेकर मायूसी, चिंता और अफसोस की स्थिति देखी गई। मगर अब पेरिस में ही हुए पैरालंपिक खेल प्रतियोगिता में भारत को जिस तरह की कामयाबी मिली है, उसे अब तक के ऐसे आयोजन में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन माना जा रहा है।गौरतलब है कि इस बार 2024 के पेरिस पैरालंपिक में भारत के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और पहले के मुकाबले सबसे ज्यादा पदक जीतने का कीर्तिमान बनाया। भारत के हिस्से में कुल उनतीस पदक आए, जिसमें सात स्वर्ण, नौ रजत और तेरह कांस्य पदक हैं। इससे पहले तोक्यो पैरालंपिक में भारत ने उन्नीस पदक जीते थे। कहा जा सकता है कि वक्त के साथ भारत के खिलाड़ियों की क्षमता में गुणात्मक सुधार आया है और यह गहरी प्रतिबद्धता और मेहनत का नतीजा है। यह सही है कि पैरालंपिक और ओलंपिक में खेल और उसमें पदकों की अहमियत के स्तर अलग-अलग हैं। ओलंपिक में जहां खिलाड़ी के शरीर की क्षमता का परीक्षण होता है, तो पैरालंपिक में हिस्सा लेने वाले दृढ़ संकल्प और साहस की कसौटी पर आंके जाते हैं। इसमें यह भी उजागर होता है कि शारीरिक रूप से अन्य तरह से सक्षम खिलाड़ियों की खोज, उनके प्रशिक्षण, उन्हें मिलने वाली सुविधाएं, अवसर और उन पर खर्च के मामले में देश की सरकार ने कैसा रुख अपनाया है। पिछले दो दशकों के दौरान केंद्र और राज्य सरकारों का रुख सकारात्मक रहा है। इसका साफ असर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन पर देखा जा रहा है, जहां भारतीय खिलाड़ी खेलों की दुनिया में उम्मीद की राह बना रहे हैं। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि खेल का मैदान इसीलिए होता है कि उसमें जीत हासिल करने के लिए ज्यादा से ज्यादा कोशिश की जाए। जीत गए तो उससे बेहतर करने और नहीं जीते तो अगली बार जीत के लिए फिर से खुद को तैयार करने की राह पर चलते रहने की प्रक्रिया जारी रखी जाए।

# राज्य आंदोलनकारियों को किया सम्मानित,सीएम का जताया आभार

किच्छा(उद संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किच्छा को स्मार्ट औद्योगिक सिटी दिए जाने तथा राज्य आंदोलनकारीयों को सरकारी नौकरियों में 10% क्षैतिज आरक्षण देने की घोषणा पर नगर में आभार एवं धन्यवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर उत्तराखंड राज्य आंदोलन कारियों को सम्मानित भी किया गया। वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता संजीव कुमार सिंह द्वारा आदित्य चौक के निकट अपने आवास पर आभार एवं धन्यवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही उत्तराखंड राज्य आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले नगर तथा क्षेत्र के आसपास के सभी आंदोलनकारियों को भी आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में राज्य आंदोलनकारियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर संजीव कुमार सिंह ने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा उत्तराखंड के विकास के लिए कार्य योजना बनाई गई है यह तय है कि इस योजना से उत्तराखंड का विकास होना निश्चित है। उन्होंने कहा कि धामी ने उत्तराखंड राज्य स्मार्ट औद्योगिक सिटी देकर, एम्स देकर शैक्षणिक हब बनाने के लिए भी आईटी क्षेत्र में ले जाने का प्रयास किया जा रहा है।इस अवसर पर वरिष्ठ आंदोलनकारी कमलेंद्र सेमवाल ने कहा कि उत्तराखंड राज्य एक विकास हो तथा उत्तराखंड के प्रत्येक बेरोजगार को रोजगार उपलब्ध हो सके। प्रमुख आंदोलनकारी तरुण पंत ने कहा कि उत्तराखंड की सरकार को कुछ लोग अस्थिर करना चाह रहे हैं जिसको की




आंदोलनकारियों की लंबे समय से चल रही मांग 10% क्षैतिज आरक्षण को राज्यपाल की संस्तुति के बाद उत्तराखंड में लागू किया है। इसके अलावा किच्छा क्षेत्र को और लंबे संघर्ष के बाद प्राप्त हुआ है जिसको समृद्धि करना हम उत्तराखंड आंदोलन कारियों का परम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि उत्तराखंड राज्य का उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी सफल नहीं होने देंगे। सरकार सरकार के अस्थिर होने पर उत्तराखंड का विकास रुक सकता है। इसके अलावा इस अवसर पर वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी हरीश जोशी, कैलाश चंद्र विस्तानिया, मदन सिंह नेगी के अलावा सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश गौरी आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रावत सिंह भाकुनी देवेंद्र शर्मा, मोहन सिंह ऐरी, राजपाल सिंह, पदम सिंह,राजकुमार प्रधान, विशाल चौहान, श्याम बिष्ट, वर्मानंद प्रोहित, कमलेश दुबे, धनंजय सिंह, मन्नी विष्ट योगेंद्र कश्यप, मनोज सिंह, मनोज गुप्ता, संजय यादव, मोहन कोली आदि लोग उपस्थित थे।



# जन सहयोग से होता है क्राइम कंट्रोल: एसएसपी

## मीडिया क्लब गदरपुर ने एसएसपी मणिकांत मिश्रा से की मुलाकात

गदरपुर/रुद्रपुर (उद संवाददाता) मीडिया क्लब गदरपुर ने नए एसएसपी मणिकांत मिश्रा से मुलाकात की। पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को गदरपुर से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया गया। मंगलवार को मीडिया क्लब केअध्यक्ष मुकेश पाल के नेतृत्व में पत्रकारों ने रुद्रपुर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के कार्यालय पहुंचकर उनसे मुलाकात की और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मीडिया क्लब ने एसएसपी के साथ गदरपुर में नर्स तस्लीम जहां हत्याकांड को लेकर भी चर्चा की । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि तस्लीम जहां नर्स हत्याकांड के मामले में परिवार को पुलिस कार्यवाही से संतुष्ट किया जाएगा। अगर जरूरत पड़ी तो वह खुद परिवार से जाकर मिलेंगे। पत्रकारों ने गदरपुर में बाईपास की सर्विस लाइन बंद किए जाने के संबंध में भी जानकारी दी जिस पर एस एस पी ने संज्ञान लिया और एन एच से बात कर समाधान निकालने की बात कही। उन्होंने कहा ओवरलोडिंग पर अंकुश लगाया जाएगा। उन्होंने बताया अभी तक ओवरलोडिंग के चलते लगभग 80 वाहनों को सीज कर दिया गया है और यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए भी टीम तैयार की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने बताया कि उनकी टीम कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करेगी और सुनिश्चित करेगी कि उधम सिंह नगर जिले में शांति और सुरक्षा बनी रहे। उन्होंने कहा नशे के खिलाफ अभियान को सफल बनाने के लिए आम जनता का सहयोग आवश्यक है यदि कोई भी व्यक्ति नशे के तस्कर को या नशे से जुड़ी गतिविधियों के बारे में जानकारी रखता है तो वह पुलिस को तुरंत सूचित कर सकता है। मणिकांत मिश्रा ने जनता से विशेष रूप से साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने का आग्रह किया और कहा कि अगर कोई संदिग्ध ईमेल मैसेज या कॉल प्राप्त हो तो उसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दी जाए। इसके साथ ही उन्होंने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी जागरूकता फैलाने की बात कही। इस दौरान मीडिया क्लब के अध्यक्ष मुकेश पाल, महामंत्री राकेश अरोड़ा, गौरव बत्रा, उमर अली, ठाकुर रामपाल सिंह, सागर गाबा, निशांत सिंघल, विप्लव प्रजापति, सचिन सिंह, किशन गुप्ता, राजेंद्र छाबड़ा मौजूद रहे।



# सांस्कृतिक कार्यक्रम और चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।प्राचीन श्री शिव सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री गणेश महोत्सव में तीसरे दिन चित्रकला प्रतियोगिता के साथ धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया चित्रकला प्रतियोगिता में 96 बच्चों ने हिस्सा लिया कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, समाज सेवी सतीश पाल, प्रतीक पाल, पूर्व राज्यमंत्री तरुण बंसल थे। कार्यक्रम संयोजक हरिमोहन अरोड़ा मीडिया प्रभारी हेमन्त साहू ने बताया कल स्व सुरेंद्र नागर बॉबी की स्मृति में सामान्य ज्ञान प्रयोगिता आयोजन किया जायेगा। पंडित विवेक शर्मा ने सुबह विधि विधान के साथ पूजा अर्चना सम्पन्न करवाई। मुख्य यजमान के रूप में पंजाबी समाज के पदाधिकारी थे। इस मौके अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुप्ता, रूपेंद्र नागर, दीपांशु शर्मा, अशोक सिंधी, रामरूप गुप्ता, आनंद गुप्ता, दिनेश अग्रवाल,अशोक मोंगा, शुभम जायसवाल, रोहन राजपूत, पीयूष कुमार, विनय कुमार, पंकज गुम्बर, शिव कपूर, नन्द किशोर जायसवाल आदि मौजूद थे।



# गणेश महोत्सव की जगह जगह मची धूम






हल्द्वानी(उद संवाददाता)। श्री गणेश महोत्सव यहां अनेक स्थानों पर धूमधाम से मनाया जा रहा है। देवभूमि सामाजिक मंच द्वारा होली मैदान में गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। गत सायं बच्चों द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। जिन्हें मुख्य अतिथि निवर्तमान मेयर जोगेन्द्र सिंह रौतेला ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर तरूण बंसल, रामकुमार केसरवानी, विनोद वार्ष्णेय, विजय गुप्ता, हिमांशु वार्ष्णेय, विजय बत्रा, राजकुमार आनन्द, पवन डब्बू, मिंटू गुप्ता, किशोर वार्ष्णेय, पंकज सक्सेना, आदि मौजूद थे। वहीं प्राचीन शिव मंदिर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सुमित हृदयेश, गोपाल, धर्मेंन्द्र गुप्ता, सन्नी कपूर, हरिमोहन अरोरा, दीपांशु शर्मा, पं. गोपाल भट्ट, दिवेश शर्मा आदि मौजूद थे। इस दौरान फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इधर रामलीला मैदान में वैश्य महासभा द्वारा दिन में पूजा अर्चना एवं सायंकाल सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिसके पश्चात आरती व प्रसाद वितरित किया जा रहा है। इस मौके पर रामबाबू जायसवाल, तनुज गुप्ता, राजेन्द्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाई पंडित गोविन्द बल्लभ पन्त जी की 137वीं जयंती

किच्छा(उद संवाददाता)। भारत रत्न पंडित गोविन्द बल्लभ पन्त जी की 137वीं जयंती समारोह बड़े धूम-धाम से मनाया गया। विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने प्रातः 8बजे पंत मार्केट किच्छा से नगर में एक प्रभातफेरी निकाली जो 10बजे नगर पालिका हाल में पहुंच कर सांस्कृतिक सभा में परिवर्तित हो गई। इस अवसर पर भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी के जीवन पर सभी वक्ताओं ने प्रकाश डाला तथा उनके ही बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया इस अवसर पर तमाम स्कूली बच्चों ने संस्कृत कार्यक्रम भी आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट हरीश पंत ने की संचालन लीलाधर जोशी और अंकित पांडे ने किया। कार्यक्रम में लिटिल एंजिल स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज, स्वामी विवेकानंद विद्यालय, गोविन्द बल्लभ पन्त स्कूल, औक्सफोर्ड स्कूल,सरस्वती विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल, सुमित्रानंदन पंत विद्यालय, श्रीकृष्ण मर्चेंट इंटर कॉलेज,आदि अनेक विद्यालयों ने भाग लिया। श्री कैलाश पाठक, फरियाद शा, प्रतीक पंत, सुरेश चावला, गगन पंत, भुवन जोशी, गुलशन चावला, गोपेश पंत,केवलानंद सुनारी, बसंत बल्लभ जोशी,एम सी मठपाल, महेश शर्मा, ललित जोशी, मिहीलाल, तुलसी राठौर, प्रमोद पंत, आनंद सिंह नेगी ,आदि अनेक लोगों ने भाग लिया।



## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम रमा देवी से बदलकर रमावती अरोरा रख लिया है। भविष्य में मुझे रामवती अरोरा के नाम से जाना व पहचाना जाए।

रामवती अरोरा पत्नी श्री विजय कुमार, निवासी- पंजाबी कॉलोनी, अनाज मंडी गेट, वॉर्ड न-09, गदरपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड।

# बाईक की टक्कर से अधेड़ घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा मार्ग पर शुक्ला फार्म मोड़ के पर बाईक की टक्कर से एक अधेड़ व्यक्ति घायल हो गया। मामले की सूचना पुलिस की दे दी गई है। नत्थू लाल पुत्र नेतराम निवासी ग्राम खमरिया गोपा डांडी पोस्ट खड़ा रामनगर बहेड़ी हाल निवासी शुक्ला कालोनी ने बताया कि 7 सितंबर को दोपहर वह अपने घर पर आ रहा था कि उसी बीच तीनपाए नी शुक्ला फार्म मोड़ पर रोड पार कर रहा था कि उसी बीच एक बाईक संख्या यूके 06बीएफ 0792 के चालक ने तेज रफ्तार से उसे टक्कर मार दी जिस कारण उसका पैर फैक्चर हो गया। बाईक सवार अपनी बाईक उठाकर भाग गया।

# आंगनवाड़ी केन्द्र में खिलाई कृमि नाशक गोली

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। खेड़ा स्थित शकुंतला पाल की आंगनवाड़ी केंद्र में आज राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें केन्द्र के सभी बच्चों व किशोरियों को कृमि नाशक दवा अल्बेंडाजोल गोली खिलाई गई।बाल विकास परियोजना खेड़ा सेक्टर की सुपरवाइजर रीता छवाण ने बताया कि कृमि संक्रमण चक्र की रोकथाम के लिए यह दवाई सभी बच्चों, किशोर किशोरियों को देना आवश्यक है। हो सकता है कि बच्चों में कृमि संक्रमण के प्रभाव तुरंत दिखाई ना दे। लेकिन वे बच्चे, किशोर किशोरियों के स्वास्थ्य शिक्षा और संपूर्ण विकास को लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकते हैं। उन्होंने बताया कि गोली को हमेशा चबाकर खाये तथा साथ में पानी भी पिए। अगर कोई दिक्कत होती है तो चिकित्सा सहायता के लिए 104 नंबर पर भी फोन कर सकते हैं। इस मौके पर कार्यकत्री शकुंतला पाल, सहायिका मंजू कांडपाल, राधा, सुनीता, नगमा, ज्योति, पूजा, कांति, शबाना, सबीना, आदि लोग मौजूद रहे।



# भंडारे के साथ हुआ गणपति प्रतिमा का विसर्जन

हल्द्वानी। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पत्रकार प्रमोद धींगरा के विष्णुपुरी गली नंबर दस स्थित आवास में श्री गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर श्री गणपति जी महाराज की स्थापना की गई। जिसका गत दिवस पूजा अर्चना, भजन कीर्तन, आरती व भंडारे के साथ विधि विधान से विसर्जन किया गया। गत दिवस प्रात:काल पूजा एवं आरती की गई। जिसके पश्चात महिलाओं द्वारा श्री गणपति जी महाराज के भजन गाकर उनकी महिमा का गुणगान किया गया। भगवान श्री गणेश, शिव शंकर, मां दुर्गा, श्री कृष्ण के भजनों की धुन में ढ़ोलक की थाप के साथ महिलाओं ने तालियां बजाते हुए भक्ति में मग्न होकर नृत्य भी किया। जिसके पश्चात आरती कर भंडारा प्रसाद वितरित किया गया। तत्पश्चात श्री गणपति जी महाराज की प्रतिमा का विधि विधान से विसर्जन किया गया। इस दौरान इंद्रसेन धींगरा, प्रमोद धींगरा, सौरभ धींगरा, आशीष धींगरा, मुकेश धींगरा, विकास धींगरा, किशन लाल राजपाल, मनीष ठुकराल, समीर गुप्ता, अनु धींगरा, गगनदीप धींगरा, मीत धींगरा, जसपाल सिंह गुजराल, जसप्रीत कौर गुजराल, अनीता धींगरा, रानी धींगरा, किरन सुखीजा, हिमानी उपाध्याय, मनी धींगरा, कीर्ति धींगरा, पूनम धींगरा, आशा तलवार, ममता धींगरा, नीलम सिडाना, नीरू सडाना, नीलम आहूजा, रानी आहूजा, कौरी राजपाल, अंकिता आहूजा, सिम्मी आहूजा, आराधना अग्रवाल, मीनू गुलाटी, भारती धींगरा, प्रमिला राजपाल, प्रीति अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, रश्मि राजपाल, बीना अग्रवाल, प्रिया धींगरा, नायरा गुप्ता, सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।





# एसडीएम ने नंदा देवी मेले की तैयारियों का लिया जायजा

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। नंदा देवी मेले की तैयारियों के संबंध में उपजिलाधिकारी अल्मोड़ा द्वारा पुलिस, राजस्व, नगर निगम, फायर आदि विभागों व मेला समिति के पदाधिकारियों के साथ मेले परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा द्वारा बताया गया कि मेले के लिए मेला में अस्थायी पुलिस चौकी बनाई जा रही है और पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया जा रहा है। फायर विभाग द्वारा मंदिर परिसर में फायर हाईड्रेन्ट की जांच कर ली गयी है। पुलिस विभाग द्वारा मेले परिसर में सीसीटीवी लगाए जाने की आवश्यकता बताई गई। मंदिर समिति से अपेक्षा की गई कि सुरक्षा व व्यवस्था के दृष्टिगत परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाएं जिस पर मेला समिति के अध्यक्ष द्वारा सहमति व्यक्त की गई। उपजिलाधिकारी ने यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस विभाग के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि भीड़ की स्थिति को देखते हुए एल आर शाह रोड के यातायात को आवश्यकतानुसार 2-3 घण्टे की अवधि के लिए पूर्णत: प्रतिबंधित रखने पर भी विचार कर लें। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी को भी मेला अवधि में समुचित साफ सफाई के निर्देश दिए जिसाए अधिशासी अधिकारी द्वारा बताया गया कि ससमय पर सफाई व्यवस्था, लाइट्स व डोला मार्ग को रुकावट मुक्त कर लिया जाएगा। मेला समिति को मौके पर बताया गया कि मंदिर परिसर में लग रहे चरखे/झूले को बिना अनुमति के संचालित न किया जाय। मेले में निरंतर पुलिस गशत लगाए जाने हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा को निर्देशित किया गयाइस दौरान अधिशाषी अधिकारी भरत त्रिपाठी, मेला समिति के पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित रहे।



# दिव्येश्वर महादेव मंदिर में फिर से हुई चोरी

रामनगर (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा आश्रम चित्रकूट (चोरपानी) में स्थित श्री दिव्येश्वर महादेव मंदिर में अज्ञात चोरों द्वारा एक बार पुन: चोरी की घटना को अंजाम देने से भक्तोंकी भावनाएं काफी आहत हुई हैं। ज्ञात हो कि तीन महीने पूर्व भी चोरों ने ताँबे का नाग, कलश, पैसे व अन्य सामान की चोरी की थी। जिसकी सूचना स्थानीय थाने में दी गई व मौके का मुआयना भी कराया गया। चोर की वीडियो क्लिप भी पुलिस को दी गई। फिर भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। विश्व विख्यात संत श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चौतन्य पुरी जी महाराज द्वारा स्थापित इस आश्रम में क्षेत्र, प्रदेश व देशभर से श्रद्धालु पहुँचते हैं। उन्होंने बताया कि नवरात्रि में प्रति वर्ष विराट धर्म सम्मेलन का आयोजन होता है। प्रदेश व देश के बड़े राजनेता, अधिकारी व न्यायाधीश भी पहुँचते हैं। अनेक मुख्यमंत्री भी आये हैं। अभी श्रद्धालु पिछली चोरी को भूले भी नहीं कि 6 सितंबर को पुन: मंदिर में चोरी हो गई। भक्तों में भारी भय, हताशा व दुख व्याप्त है। श्री महाराज ने बताया कि पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है व मंदिर में थोड़े ही अंतराल में दो बार चोरी की घटना होना पूरे क्षेत्र में बड़ी चर्चा का विषय बना हुआ है कि क्या इस बार भी पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई की जाएगी या फिर इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।



# एनएसएस के स्वयंसेवियों ने चलाया जागरूकता अभियान

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।पुष्पा प्रियंका सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नानकमत्ता के स्वयंसेवियों ने बंगाली कालोनी क्षेत्र में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया। जिला अधिकारी उदयराज सिंह व एनएसएस के जिला समन्वयक धर्मेन्द्र बसेड़ा के द्वारा जिले की एनएसएस इकाइयों को निर्देशित किया गया था, कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जाना है। उन्ही के निर्देशों के अनुपालन में विद्या मंदिर नानकमत्ता की एनएसएस इकाई द्वारा 7 सितंबर से 9 सितंबर तक बंगाली कालोनी में घर घर जाकर जन जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवियों ने इसके प्रति जागरूक करते हुए बताया कि साफ-सफाई नहीं रखने एवं दूषित खान-पान से बच्चों के पेट में कृमि हो जाते हैं,जो कि लंबे समय तक बच्चों की आंतो में बने रहते हैं। इससे बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास बाधित होता है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान के अंतर्गत एल्बेंडाजोल की 1 गोली पूरे वर्ष बच्चों को पेट के कृमि संक्रमण से दूर रखती है। 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के पालकों एवं अभिभावकों से कर्मी मुक्ति दिवस को मनाने की अपील की।




# नगर निगम ने 48 बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को बदला

नैनीताल(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देशों के क्रम में दूसरे दिन सोमवार को भी नगर निगम ने 48 बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को बदल दिया है। वार्ड नम्बर 55 में सीएमटी कॉलोनी में 14, वार्ड 49 में भट्ट कॉलोनी फेस 1 में 05, भट्ट कॉलोनी फेस 2 में 03, वार्ड 1 ठाकुरद्वारा में 08 और वार्ड 56 जीतपुर नेगी में 18 बंद या खराब स्ट्रीट लाइट को बदल/मरम्मत की है। इस आशय की जानकारी देते हुए नगर मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेई ने बताया कि सोमवार शाम को सभी सत्यापन भी किया गया। सभी स्ट्रीट लाइट ठीक पाई गई। बता दे कि डीएम के निर्देशो में बाल विकास, शिक्षा विभाग ने विभिन्न स्थलों में कार्यशाला आयोजित कर असुरक्षित स्थलों को चिन्हित किया था। प्रशासक भवाली विपिन पंत ने बताया कि 13 चिन्हित संवेदनशील स्थलों में 41 खराब स्ट्रीट लाइट को बदल दिया है। एमईएस कार्यालय में 01, दीप्ति फिलिग स्टेशन में 2, धनुष पार्क में 4, फारेस्ट चौकी में 3, कैलाश व्यू में 2, चुंगी में 2, अर्श होटल रामगढ रोड मे 02, अतुल मोटर लल्ली मंदिर रामगढ़ रोड में 03, सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र भवाली दुगई स्टेट में 7, दुगई स्टेट वार्ड न0-7 में 09, मनोज की दुकान घोडाखाल रोड में 2, जीजीआईसी स्कूल में 2 और रिवा रिट्रीट में 2 स्ट्रीट लाइट बदली या मरम्मत की। वहीं तहसील रामनगर अंतर्गत डार्क स्पॉट एवं महिला सुरक्षा हेतु संवेदनशील क्षेत्र के चिन्हीकरण हेतु सघन अभियान चलाया गया। राजस्व विभाग, नगर पालिका एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त निरिक्षण किया गया।







## पेज एक का शेष...


**भूस्खलन में पांच ...**करना पड़ा। लगातार मलवा और पत्थर आने के चलते रात को रेस्क्यू अभियान रोकना पड़ा। मंगलवार सुबह पुन: रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। इस दौरान मलवे से 50 वर्षीय दुर्गाबाई खापर पत्नी संघन लाल निवासी नेपावाली, जिला घाट, मध्य प्रदेश , 70 वर्षीय तितली देवी पत्नी राजेंद्र मंडल निवासी ग्राम वैदेही जिला धनवा नेपाल , 52 वर्षीय भारत भाई निरालाल पुत्र निरालाल पटेल निवासी सरदार पैलेस करवाल नगर खटोदरा सूरत गुजरात एवं 50 वर्षीय समनबाई पत्नी शालक राम निवासी झिझोरा जिला धार मध्य प्रदेश के शव बरामद किये गये। मंगलवार को बाधित चल रहा मार्ग पैदल आवागमन हेतु सुचारु हो गया है सुरक्षा बलों की देखरेख में यात्रियों को सुरक्षित तरीके से सोनप्रयाग की ओर भिजवाया जा रहा है।

**रोडवेज के सामने...**तीन बजे उजाड़े गये समस्त व्यापारी एकजुट होकर खटीमा रवाना होंगे जहां सभी मुख्यमंत्री आवास के समक्ष धरना प्रदर्शन कर पुर्नवास की मांग करेंगे। विरोध प्रदर्शन करने वालों में नवीन सिंह, इन्द्रजीत सिंह, आशु ग्रोवर, राजीव जोशी, नरेश जुनेजा, सुशील बाठला, इसरार मियां,अमर जीत सिंह, अमन बंसल, सोनू, बलजीत सिंह, आरिफ, ललित मोहन, राकेश बांगा, प्रशान्त कुमार व हर्ष रावल सहित कई व्यापारी मौजूद थे।

**रोडवेज बस में ..**भुरा निवासी घुनाघाट थाना लोहाघाट, कमल सिंह पुत्र सुन्दर सिंह घुनाघाट थाना लोहाघाट,नीरज भंडारी पुत्र मिलाप सिह भंडारी निवासी मच्छयाण थाना रीठासाहिब,दीपक पुत्र रघुवर निवासी रीठासाहिब थाना रीठासाहिब बताया। चौकी प्रभारी ने बताया कि सभी जनपद चंपावत के है। चारों का मेडिकल परीक्षण कराया है। उन्होंने चारों को नशे में प्रतीत होना बताया। बस में बैठा कोई व्यक्ति और चालक परिचालक शिकायत के लिए तैयार नहीं हुए। जिस पर पुलिस ने स्वयं ही मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई की है। बताया कि चारो के विरुद्ध पुलिस अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**ग्राहक बन शातिर ने ...**एक अज्ञात व्यक्ति सामान लेने आया और समान का भुगतान फर्जी एप के द्वारा कर उन्हें भुगतान का विवरण दिखाया। जिससे स्पष्ट हो रहा था कि उक्त व्यक्ति के द्वारा भुगतान कर दिया गया। अपने कार्य में व्यस्त होने के कारण अपना बैंक डिटेल चेक नहीं कर पाये। बाद में उन्होंने अपनी बैंक की डिटेल चेक किया तो पता चला कि उक्त अज्ञात व्यक्ति के द्वारा भुगतान की गई रकम खाते में नही आयी है। जिसके बाद उन्होंने अपनी-अपनी सीसीटीवी कैमरा चौक किया गया तो देखा एक ही व्यक्ति द्वारा अलग-अलग समय पर सामान को क्रय कर भुगतान किया गया था

**स्मैक के साथ...**सिंह उर्फ वीरा (26 वर्ष) निवासी ग्राम बागजाला, थाना काठगोदाम, जिला नैनीताल के रूप में की। उसके पास से 12.50 ग्राम स्मैक बरामद हुई पुलिस ने आरोपी जसमीत सिंह के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।




# आपराधिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी : सीएम

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उत्तराखण्ड के शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने वाले आपराधिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। देवभूमि उत्तराखण्ड के लोग शान्ति प्रिय हैं। यदि आपराधिक प्रवृत्ति के लोग यहां आकर यहां की शांत वादियों में अशांति फैलायेंगे और कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करेंगे तो देवभूमि में इसको बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे आपराधिक तत्वों को चिन्हित करने के लिए वृहद् सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। कानून अपना काम करेगा। अपराधियों के साथ हम सख्ती से निपटेंगे।



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# श्याम संकीर्तन में देर रात तक भजनों पर झूमे श्रद्धालु

किच्छा(उद संवाददाता)। नवीन मंडी स्थल में श्री श्याम सत्संग कीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का प्रारंभ विधि विधान के साथ मुख्य यजमान विधायक तिलक राज बेहड़ एवं भारतीय युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह,चंद्रकेश यादव के सानिध्य में प्रारंभ हुआ। सनातन धर्म सभा राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी के पुजारी सुनित शर्मा द्वारा मंत्रोंच्चारण के साथ श्याम बाबा के संकीर्तन महोत्सव का प्रारंभ किया गया। सभी भक्तजनों ने जहां श्याम बाबा से आशीर्वाद लिया वहीं उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि खाटू श्याम बाबा के यहां पहुंचने वाले हर भक्त को आत्मक शांति मिलती है तथा उसके रुके हुए संपूर्ण कष्ट दूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि श्री श्याम खाटू बाबा के निमंत्रण पत्र से ही उनके उत्साह में दुगनी





वृद्धि हो गई और और जब श्याम बाबा के दरबार में पहुंचे तो इस उत्साह को वह बयान नहीं कर पा रहे। श्री श्याम बाबा प्रत्येक भक्त और पूरे क्षेत्र की जनता को अपना आशीर्वाद प्रदान करते रहें यही उनकी श्याम बाबा से प्रार्थना है।उन्होंने कहा कि समाज को जो है उनसे अपेक्षाएं हैं वह हर संभव तैयार है तथा श्याम बाबा के आशीर्वाद से उसे हल करेंगे। इससे पूर्व सभी विशेष अतिथियों का श्री श्याम कीर्तन मंडली द्वारा स्वागत सत्कार किया गया तथा उन्हें पगड़ी पहनकर सम्मानित किया गया। श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव देर रात्रि तक चलता रहा जिसमें भजन गायक सौरव शर्मा अभिषेक नाम अधिष्टा अनुष्का ने श्री श्याम बाबा के संकीर्तन में गुणगान करते हुए भक्तों को मंत्र मुग्ध किया। तमाम भक्तगण श्याम बाबा के गुणगान करते हुए प्रसाद वितरण तक संकेतन स्थल में जम रहे। संकीर्तन में छप्पन भोग की व्यवस्था हनुमान प्रसाद सिंघल मनोज सिंगला विशाल सिंगला, पंचमेवा प्रसाद मुकेश कुमार गोयल, श्रृंगार सेवा श्री श्याम जी मेडिकल श्री साइं मेडिकल कॉलेज, प्रसाद सेवा राजेंद्र सिंह यादव विजयपाल यादव, पान सेवा सत्यनारायण गोयल मोहित गोयल, लाइट सेवा हनुमान प्रसाद गोयल एचपी इंडस्ट्रीज, पटका सेवा महेश चंद्र अग्रवाल अंकुर अग्रवाल वाइंस, फल सेवा राजेश गर्ग, गौतम गर्ग द्वारा संपादित की गई थी। इस अवसर पर श्री श्याम सत्संग मंडल एवं श्री श्याम युवा मित्र मंडल के सभी पदाधिकारियों के अलावा ग्यासी लाल बंसल, संजीव खन्ना, धर्मराज जायसवाल, ओम अग्रवाल, सनी अग्रवाल, गौरव बेहड़,महेश चंद्र अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल सहित सभी कार्यकर्ता एवं सेवा दार उपस्थित थे।

# गणेश महोत्सव का भाजपा नेता चुघ ने किया शुभारम्भ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने भूरारानी वार्ड नंबर 32 में रिद्धि सिद्धि कमेटी द्वारा





आयोजित श्री गणेश महोत्सव का वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में गणेश चतुर्थी का त्यौहार मनाया जा रहा है भगवान गणेश सभी के आराध्य हैं और प्रथम पूजनीय भगवान गणेश जी की आराधना से ही हर कार्य सिद्ध होता है। उन्होंने बताया कि पिछले 7 वर्षों से यहां गणेश महोत्सव मनाया जाता है और विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम कल तक चलेंगे और आज विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। गणेश महोत्सव के अवसर पर बालिकाओं द्वारा स्वागत व अभिनंदन किया गया। चुघ ने मंदिर में स्थापित भगवान गणेश जी का आशीर्वाद प्राप्त किया और सभी के मंगल जीवन की कामना की। इस दौरान पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य पारस चुघ, निवर्तमान पार्षद बबलू सागर, चंद्र प्रकाश चुघ, नीलकंठ राणा, विजय सागर, आयोजन समिति के अजय सहनी, भोला सहनी, नंदकिशोर ,बबलू दिवाकर, चंदेश्वर सहनी ,हरि कृष्ण , कपिल सहनी, आशा पासवान, रस्तोगी पासवान, प्रमिला पासवान, राजपाल पासवान, नीतू सहनी ,प्रियंका सहनी, शत्रुघ्न सहनी, भोला सहनी, कैटरीना पासवान, कौशल्या सहनी, रीना सहनी ,रागिनी सहनी ,सुनीता सहनी, शांति सहनी, रीता सहनी, शोभित सहनी, रंजीत सहनी, अशोक सहनी, राम विनोद सहनी ,सुनीता देवी, शोभा सहनी, निभा सहनी, मोहन सहनी, नितिन सहनी राज कोली पार्षद बबलू सागरआदि मौजूद थे।

# किसानों ने मनाई भगवान बलराम जयंती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किसानों के देवता भगवान श्री बलराम जयंती महोत्सव आज सम्पूर्ण भारतवर्ष में मनाया जा रहा है। भारतीय किसान संघ ऊधम सिंह नगर ग्राम राघवनगर में हलधर पूजन कर भगवान श्री बलराम महोत्सव मनाया गया। जिसमें उपस्थित सभी किसानों ने विधि विधान से भगवान श्री बलराम



जी की पूजा अर्चना की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष कृष्ण कांधा तिवारी, सुधीर शाही, कृष्ण कांत तिवारी, नितिन शाही, नवनीत मिश्रा, प्रदीप सिंह, वीरेन्द्र यादव, जितेष राय, श्याम विहारी, जगजीवन लाल, आदर्श पांडेय, उत्सव, प्रशांत सहित आदि किसान उपस्थित रहे। वहीं ग्राम इन्द्रपुर ,आनन्दपुर राघवनगर सहित अन्य कई गांव में भी भगवान बलराम जयंती धूमधाम से मनाई गई।

# बच्चों के बेहतर जीवन के लिए स्वस्थ्य रखना जरूरी: अग्रवाल

## जिला चिकित्सालय में बच्चों को खिलाई अल्बेन्डाजोल की गोली

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाज में हर व्यक्ति को बेहतर जीवन व्यतीत करने के लिए उसका स्वस्थ्य रहना जरूरी है। जिसके लिए उसे अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना होगा। यह बात जिला



चिकित्सालय के प्रमुख अधीक्षक केके अग्रवाल ने आज चिकित्सालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का कई बच्चों को अल्बेंन्डाजोल गोली खिलाने के साथ शुभारम्भ करने के पश्चात उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि अधिकांश रोग पेट के खराब होने से ही उत्पन्न होते हैं। दूषित पेयजल या अशुद्ध खान पान से पेट में कई रोग जन्म लेते हैं। पेट में कृमि हो जाने से स्वास्थ्य खराब होने लगता है। शरीर में कमजोरी आने के साथ चक्कर आने लगते है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को समय समय पर कृमि नाशक दवा का सेवा करना चाहिए साथ ही अपने बच्चों को भी चिकित्सक की सलाह लेकर दवा खिलानी चाहिए। चिकित्सालय की एएनएम दीपा जोशी ने बताया कि दो वर्ष तक के बच्चों को अल्बेंन्डाजोल की आधी गोली चबाकर पानी के साथ खानी चाहिए जबकि इससे बड़े बच्चों व अन्य लोगों को पूरी एक गोली खानी चाहिए। उन्होंने बताया कि यदि गोली खाने के बाद किसी भी तरह से चक्कर आये या उल्टी हो अथवा अन्य कोई परेशानी हो तो तुरंत चिकित्सक से सम्पर्क करें। उन्होंने बताया कि आज सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों, सरकारी विद्यालयों मे बच्चों को अल्बेंन्डाजोल गोली खिलाई जा रही है। अल्बेंन्डाजोल गोली खाने से पेट जनित रोगों पर काफी हद तक अंकुश लग जाता है। इस मौके पर कल्पना बिष्ट, मंजू, आशा, नीलम, दीपाली, भावना, विनय आदि चिकित्साकर्मी व भारी संख्या में अन्य लोग मौजूद थे।

## कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई एलबेंडाजोल

गदरपुर ।कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमति ज्योति अरोड़ा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर में किया गया । प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजीव सरना ने बताया कि 1 वर्ष से लेकर के 18 वर्ष तक के बच्चों को कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत टैबलेट एल्बेंडाजोल 400 एमजी की खुराक फिक्स्ड डेट,फिक्स्ड अप्रोच,



फिक्स्ड साइट थीम के अंतर्गत आज खिलाई जा रही है ।1 वर्ष से 2 वर्ष तक के बच्चों को टैबलेट एल्बेंडाजोल 400उह की आधी टैबलेट खिलाई जाएगी एवं 2 वर्ष से अधिक के बच्चों को टैबलेट एल्बेंडाजोल 400 एमजी की पूरी खुराक दी जाएगी । डॉक्टर संजीव सरना ने बताया कि कृमि मुक्ति दिवस पर विकास खंड के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों एवं तकनीकी संस्थानों मे दवा खिलाई जा रही है। विकास सचान ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में कृमि जनित होने वाली बीमारियों एवं एनीमिया की रोकथाम करना है जिससे बच्चों के जीवन स्तर को सुधारा जा सके। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) टीम एवं आरकेएस के काउंसलर श्रीमती राधा मिगलानी द्वारा बताया गया कि कृमि मुक्ति दिवस का माप आफ 18 से 19 सितंबर तक है जिसमें छूटे हुए बच्चों को टैबलेट एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। कार्यक्रम में सामाजिक संस्था सी 3 के दीपान्शु एवं सामूदीक् स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर का स्टाफ उपस्थित रहा।

